प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं
- यमुना जल परियोजना से संबंधित नई दिल्ली में आज होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हिस्सा लेंगें
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ करेंगें
- केन्द्र सरकार ने हज यात्रा 2027 के लिए नई नीति की घोषणा की–ऑनलाइन आवेदन शुरूं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्मश्री सहित कुल 65 पद्म अलंकरण दिए जाएंगें सुविख्यात टेनिस खिलाडी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याज्ञनिक और क्रिकेट खिलाडी रोहित शर्मा पद्म पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने वर्ष 2026 के लिए पांच पद्म विभूषण सहित एक सौ 31 पद्म अलंकरणों की घोषणा की थीं

000

यमुना जल परियोजना के एमओयू को अंतिम रूप देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगें बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल होंगें बैठक में दोनों राज्यों और केंद्र सरकार के बीच इस महत्वपूर्ण समझौते से जुड़े विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक विषयों पर निर्णायक चर्चा की जाएगीं इस परियोजना से राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र को पीने के पानी की भरपूर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगीं इसके साथ ही, किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी मिल सकेगां गौरतलब है कि यमुना जल समझौते के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई हैं ये डीपीआर केंद्रीय जल आयोग के साथ भी साझा कर दी गई हैं

000

प्रदेश के सरहदी जिलों में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी हैं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने इस अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि इन क्षेत्रों में एक निश्चित दायरे के भीतर बने निर्माण कार्यों को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर हटाया जा रहा हैं श्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार सुरक्षा के मामले को लेकर पूरी तरह सजग हैं

................

000

राजस्थान में समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया हैं राज्य सरकार द्वारा बनाई गई ये समिति राजस्थान समान नागरिक संहिता– 2026 विधेयक का ड्राफ्ट तैयार करेगीं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कल जयपुर में प्रेसवार्ता में ये जानकारी दीं श्री बेढम ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति बनाई गई हैं यह समिति संभाग स्तर पर लोगों से सीधा संवाद करेगीं इसके अलावा, आम नागरिक वेबसाइट के जरिए भी अपने सुझाव समिति तक पहुंचा सकेंगें उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से प्रदेश को नई दशा और दिशा मिलेगीं

................

इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री श्री पटेल ने बताया कि इस कानून में आदिवासी समुदाय के रीति–रिवाजों को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगां यूसीसी लागू होने के बाद प्रदेश में विवाह, तलाक और लिव–इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य हो जाएगां

000

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय  कृषि सहकारी विपणन संघ नेफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ करेंगें इस पोर्टल की शुरूआत नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढाने में महत्वपूर्ण कदम हैं इससे नीलामी संबंधी गतिविधियों को सुगम बनाने और किसानों और कृषि संस्थाओं के हित में नैफेड की कार्य कुशलता बढाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध होगां सहकारिता मंत्रालय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्री अमित शाह कई महत्वपूर्ण डिजिटल और किसान केंद्रित पहलों का भी शुभारंभ करेंगें इसके बाद श्री शाह नैफेड के निदेशक मंडल के साथ बैठक करेंगें

000

हज यात्रा 2027 के लिए नई नीति की घोषणा कर दी गई है और इसके लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई हैं केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल हज नीति–2027 जारी कीं इच्छुक लोग भारतीय हज समिति की वेबसाइट और हज सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं इस बार भी हज समिति और निजी क्षेत्र के बीच यात्रियों के कोटे का अनुपात 70 और 30 का रखा गया हैं इसके तहत 1 लाख 22 हजार 518 सीटें भारतीय हज समिति के पास रहेंगी, जबकि 52 हजार से ज्यादा सीटें निजी टूर ऑपरेटरों के लिए निर्धारित की गई हैं गौरतलब है कि सऊदी अरब द्वारा तय समय–सीमा का पालन करने और तैयारियां समय पर पूरी करने के उद्देश्य से इस बार हज नीति की घोषणा जल्द की गई हैं

000

प्रदेश में आपराधिक न्याय प्रणाली को और अधिक मजबूत तथा तकनीक आधारित बनाने के लिए इंटीग्रेटेड क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 2.0 परियोजना बनाई गई हैं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर में इस परियोजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने और आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिएं बैठक में न्याय संहिता डैशबोर्ड पर राज्य के प्रदर्शन और स्कोर कार्ड की भी समीक्षा की गईं मुख्य सचिव ने कल ही पीएम श्री और मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की प्रगति की समीक्षा की हैं उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों का दौरा कर जमीनी स्तर पर योजनाओं की निगरानी करने के निर्देश दिएं

000

यातायात व्यवस्था को सुगम और सिग्नल फ्री बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण तेजी से काम कर रहा हैं जयपुर में महल रोड की तर्ज पर अब न्यू सांगानेर रोड और सीकर रोड पर भी यू–टर्न आधारित सड़कें बनाई जा रही हैं जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाना और यातायात को निर्बाध बनाना हैं उन्होंने बताया कि यदि यू–टर्न का यह प्रयोग सफल रहता है, तो इस साल के अंत तक शहर के लगभग 21 प्रमुख ट्रैफिक चौराहों यानी जंक्शनों को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगां

................

000